

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

राजनीति पर बात करने से डरते हैं बॉलीवुड

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 284 | सोमवार 9 फरवरी 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर महेश मूलचंदानी

## कार्याध्यक्ष बने हीरो बोधा



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर की सबसे पुरानी पंजीकृत संस्था दैनिक पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी कमेटी की घोषणा की गई है। इस संस्था की महत्वपूर्ण बैठक कल शहर के जवाहर होटल में संपन्न हुई। बैठक में संघ के संगठन विस्तार, पत्रकार हितों और आगामी शहर के कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी दौरान नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर महेश मूलचंदानी तथा कार्याध्यक्ष पद पर हीरो अशोक बोधा को निर्विरोध चुना गया। महासचिव के पद पर दैनिक दबंग दुनिया के दिलीप मिश्रा, कोषाध्यक्ष के रूप में अशोक वर्मा (राष्ट्रीय स्वाभिमान), उपाध्यक्ष कमर काज़ी (दैनिक नवभारत), अनिल मिश्रा (दैनिक सामना), सचिव आकाश सहाणे (जनसंवाद), उप कोषाध्यक्ष सुजीत श्रीवास्तव (दैनिक भास्कर), सलाहकार मंडल सदानंद नाईक (दैनिक लोकमत)

अरविंद त्रिपाठी, प्रदीप गुप्ता व कमेटी सदस्य प्रेम झामनानी, अजय दुधाने, स्वप्निल पाटिल, साईं सावंत, संदीप सिंह, गणेश गायकवाड़, किरण तेलगोटे, जीतू जग्यासी एवं रोहित चौहान सदस्य होंगे। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पत्रकारों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। शहर में पत्रकार विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे और सत्ताधारियों को शहर हित के मुद्दे याद दिलाएंगे ऐसा संकल्प सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर लिया।

# स्वीकृत नगरसेवक पद पाने नेता लामबंद

**जल्द होंगे स्वीकृत नगरसेवकों के चुनाव**

## भाजपा व शिवसेना के हारे हुए नगरसेवकों ने अपनी दावेदारी रखी

- 8 स्वीकृत नगरसेवक चुने जाएंगे
- चुनाव के दौरान बांटे गए कई लॉलीपॉप
- टिकट के बदले मिला मनोनीत का चॉकलेट



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका में किसी भी पक्ष को पूर्ण बहुमत न होने के कारण सत्ता का पेंच अटका हुआ था आनन फानन में शिवसेना ने वंचित बहुजन आघाडी से समर्थन लेकर उनके ऋणी हो गए। वहीं भाजपा ने महायुति का कर्तव्य निभाते हुए सत्ता में शामिल तो हो गए लेकिन यह मनमुटाव वाला गठबंधन ज्यादा देर टिकने नहीं वाला क्योंकि चेयरमैन की लड़ाई तो अभी बाकी है। उसके साथ ही स्वीकृत नगरसेवकों के लिए भाजपा व शिवसेना के नेता लामबंद हो गए हैं। क्योंकि टिकट के बदले जो उनके वरिष्ठों ने मनोनीत बनाने का जो लॉलीपॉप दिया है उसे पूरा कैसे करेंगे क्योंकि हारे हुए दिग्गज व पैसे वाले नेता बैग लेकर उनके दरवाजे पर खड़े हैं। मनोनीत नगरसेवकों के चुनाव इस माह होने की संभावना है।



उल्हासनगर मनपा चुनाव 2026 में जनता का जनाधार भाजपा व शिवसेना के ही पक्ष में रहा किसी ने भी विरोधी पक्ष को वोट नहीं दिए। चुनाव का मैच ड्रॉ होने से यहां पर महायुति को एक साथ सत्ता में आना पड़ा। भाजपा-37 व शिवसेना-36 के मुताबिक इस बार 8 मनोनीत नगरसेवक सभागृह में जाएंगे। भाजपा ने अपने नाम लगभग तय कर लिए हैं जिनमें प्रदीप रामचंदानी, धनंजय बोडारे, हेमा प्रेम झा पिंजानी व बाला श्रीखंडे का समावेश है। इनमें दो हारे हुए दिग्गज रसूकदार उम्मीदवार हैं और एक शिवसेना से आए हुए नेता जिनका टिकट अंतिम समय में काटा गया। रामचंदानी भाजपा के फिक्स मनोनीत रहते ही हैं। भाजपा ने दो तय कर लिया हो सकता है वरिष्ठों के दबाव में नाम में परिवर्तन हो। वहीं शिवसेना ने भी नाम तय किए हुए हैं जिसमें शिवसेना कालानी गुट से पंचम ओमी कालानी के नाम पर मुहर लग चुकी है और तीन नाम उनके द्वारा आ रहे हैं जिसमें सुमित चक्रवर्ती, संतोष पांडे और मनोज लासी का समावेश है। कालानी को करीब 12 सीटें मिली हैं ऐसे में उनको दो मनोनीत नगरसेवक मिल रहे हैं और पुराने शिवसैनिकों में से विक्की भुल्लर, रमेश चव्हाण के नामों की चर्चा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व सांसद श्रीकांत शिंदे के आदेश पर ही यह नाम तय होंगे।

## पानी के गड्ढे में गिरने से 6 साल की बच्ची की मौत

**ठाणे.** दिवा के शिलफाटा इलाके में दोस्तों के साथ खेलते समय पानी से भरे एक गड्ढे में गिरने से 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची का नाम कशफ नबीला खान (06) है। वह शिलफाटा के आशना हाइट्स में रहती थी। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वह अपने घर के पास के इलाके में अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह इलाके में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंच गई। इसी बीच वह पानी से भरे गड्ढे में गिर गई। इसके बाद उसके परिवार वालों ने उसे ढूंढने की कोशिश की। लेकिन, वह कहीं नहीं मिली। इसलिए उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# 'घटिया काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

- महापौर अश्विनी निकम ने अधिकारियों को लिया आड़े हाथों



**उल्हासनगर.** महापौर का पद संभालने के बाद, फॉर्मल रोल निभाने के बजाय सीधे एक्शन का रास्ता अपनाने वाली अश्विनी निकम ने अगले ही दिन शहर का निरीक्षण दौरा किया। इस बार उन्होंने एडमिनिस्ट्रेशन को साफ चेतावनी दी है कि शहर में अब घटिया काम नहीं होगा। उन्होंने शहर के मेन और सबसे बिज़ी केबी हाईवे रोड पर चल रहे सड़क कंस्ट्रक्शन के काम का इंस्पेक्शन किया और काम की क्वालिटी और धीमी प्रोग्रेस पर कड़ा गुस्सा जताया।

केबी रोड पर सड़कों की खराब हालत देखकर महापौर अश्विनी निकम ने संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और उनसे जवाब मांगा। इंस्पेक्शन के दौरान पता चला कि काम की जगह पर उड़ती धूल, अधूरे सड़क के काम और ट्रैफिक की दिक्कतों से आम लोगों और व्यापारी वर्ग को परेशानी हो रही है। इस समय, ट्रेड एसोसिएशन के रिप्रेजेंटेटिव ने महापौर से शिकायत की कि धूल से सेहत से जुड़ी गंभीर दिक्कतें हो रही हैं और बिजनेस पर भी बुरा असर पड़ रहा है। महापौर ने सड़क बनाने में इस्तेमाल होने वाले मटीरियल की क्वालिटी और काम की धीमी और लापरवाही वाली प्लानिंग के लिए पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के ऑफिसर प्रशांत मानकर को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने चेतावनी दी, 'खराब क्वालिटी की सड़कें लोगों की जान से समझौता हैं। ऐसा काम किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' महापौर ने साफ आदेश दिए कि सड़क का काम अच्छी क्वालिटी के मटीरियल का इस्तेमाल करके, साइंटिफिक तरीके से और तय समय में पूरा किया जाए।

### अच्छी सुविधाएं देना मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता

उल्हासनगर के लोगों को सुरक्षित, टिकाऊ और अच्छी सुविधाएं देना मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शहर में कोई भी डेवलपमेंट का काम खराब क्वालिटी का या अधूरा नहीं होना चाहिए। अगर सड़क बनाने में लापरवाही, खराब क्वालिटी का मटीरियल या देरी पाई गई, तो संबंधित कॉन्ट्रैक्टर और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों की जान से खेलने वाला काम अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-अश्विनी निकम, महापौर,
उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन

# मेडिकल कॉलेज अंबरनाथ में और सेवा कल्याण अस्पताल को

- अंबरनाथ में सामाजिक, राजकीय वातावरण हुआ गरम

**अंबरनाथ.** मेडिकल कॉलेज अंबरनाथ में होते हुए यहां के विद्यार्थियों को शहर के डॉ. बी. जी. छाया उप जिला अस्पताल में सेवा ना देते हुए कल्याण के तीन सरकारी अस्पतालों में सेवा देने का करार हुआ है. वह भी सात वर्ष के लिए. ये एक संतापजनक बाब है. जिसका निषेध शहर में किया जा रहा है. विधायक किणीकर एवं सांसद श्रीकांत शिंदे को इस ओर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है. पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर जो कि रुग्णमित्र भी हैं. उन्होंने कहा है कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष वर्मा पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है. शहर के छाया अस्पताल में हड्डियों का डाक्टर एवं स्त्री रोग तज्ञ नहीं होने से आपरेशन रुके हुए हैं. ऐसे समय में महाविद्यालय के तज्ञ डाक्टरों को कल्याण के लिए नियुक्त किया जाना ठीक बात नहीं है. ऐसा आरोप उन्होंने किया है. अंबरनाथ की भूमि पर निर्माण किए जा रहे महाविद्यालय की सेवा अंबरनाथ निवासियों को मिलना चाहिए. ये मेडिकल कालेज अंबरसनाथ के डेंटल कालेज में शुरू है, जिसके दूसरे वर्ष के कुल 200 विद्यार्थी शिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. यहां के तज्ञ डाक्टर एवं जूनियर डॉक्टर कल्याण के रुक्मिणीबाई अस्पताल, शक्तिधाम प्रसूतिगृह में सात वर्ष तक सेवा देंगे. ये अंबरनाथ वासियों पर जुल्म है. अंबरनाथ में इस बात को लेकर राजकीय और सामाजिक वातावरण एकदम गरम हो गया है. जब तक महाविद्यालय की स्वतः की इमारत का निर्माण नहीं हो जाता और सात वर्ष की कालावधि पूरी नहीं हो जाती, तब तक ये सेवा कल्याण के रुग्णालय को मिलेगी. ऐसी जानकारी केडीएमसी की आरोग्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला ने दी है.

# भाजपा ज़िला कार्यालय में केंद्रीय बजट संबंधित व्यापारी सम्मेलन का आयोजन



**उल्हासनगर.** भाजपा उल्हासनगर जिल्हाध्यक्ष राजेश वधारिया की अध्यक्षता में शनिवार ७ फरवरी शाम को भाजपा ज़िला कार्यालय केंद्रीय बजट संबंधित व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिस सम्मेलन में

२५ से अधिक व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा उनकी टीम द्वारा हिस्सा लिया गया और जिस सम्मेलन को राजेश वधारिया सहित नवीन (नितेश) दुसेजा तथा दीपक छतलानी द्वारा संबोधित किया गया और सम्मेलन में बड़ी संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी के कारण सम्मेलन काफी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दरअसल अपने संबोधन में वक्ताओं द्वारा केंद्रीय बजट २०२६ के माध्यम से व्यापारियों को MSME, स्थानीय उद्योगों एवं स्टार्ट-अप्स को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी तथा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बहरहाल उक्त सम्मेलन में मुख्य रूप से नरेश ठारवाप्नी, राजूगोपलानी, महेश मूलचंदानी, अनिल मुखी, सोनी भाटिया, बाबू ताराचंदानी के अलावा काफी व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद थे और सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को मोदी सरकार के विकासोन्मुख बजट, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया तथा विकसित भारत २०४७ की संकल्पना से जोड़ना रहा।

# अंबरनाथ में 6 वर्षीय बच्चे की मौत से हंगामा

- रिश्तेदारों ने डॉक्टर को बताया जिम्मेदार





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व के महालक्ष्मी नगर परिसर के निवासी एक 6 वर्षीय लड़के विजय जैसवाल को केवल खांसी और बुखार था. उसका उपचार पास के निजी दवाखाना सार्थक क्लीनिक में डॉ. स्वप्नाली गायकर ने शुरू किया. बाद में बच्चे की मौत हो गई. बच्चे के माता-पिता ने डॉक्टर पर आरोप लगाया है कि उसके उपचार के कारण विजय की मृत्यु हुई है. जबकि डॉ. स्वप्नाली ने अपने खुलासे में कहा है कि उन पर जो आरोप लगाया जा रहा है, वह गलत है. बच्चे की माता ने बताया कि उनके बच्चे विजय को खांसी, बुखार के उपचार हेतु सार्थक क्लीनिक में दाखिल किया गया था. प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टर ने विजय को एडमिट करके उपचार शुरू किया. चार दिन तक सलाइन व इंजेक्शन लगाए गए, लेकिन विजय की हालत और भी गंभीर होती गई. उसे मुंबई के वाडिया औरउसके बाद सायन अस्पताल ले जाया गया. जहां उपचार के दौरान विजय की मौत हो गी. संबंधित डॉक्टर की पूरी जांच करके उस पर कठोर कार्रवाई करने की मांग उन्होंने की है. इस घटना का राजकीय वातावरण रम हो गया है. समाजसेवक संदीप गोसावी ने कहा है कि अंबरनाथ की स्वास्थ्य सेवा एकदम गिर गई है. उन्होंने भी डॉक्टर पर कार्रवाई करने की मांग की है. डॉ. स्वप्नाली गायकर ने खुलासे में कहा है कि वह 10 वर्ष से यहां प्रैक्टिस कर ही है. संबंधित बच्चे की मौत सायन अस्पताल में हुई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा कि मृत्यु कैसे हुई है. पुलिस स्टेशन तक ये शिकायत गई है, लेकिन पुलिस ने अपराध दर्ज नहीं किया है.

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी में 22 फरवरी को फ्री मेडिकल कैम्प

**उल्हासनगर.** ब्रेन और स्पाइनल डिसऑर्डर का समय पर इलाज देने के मकसद से, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी में रविवार, 22 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप सोलारिस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, अनुसया चैरिटेबल ट्रस्ट और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मिलकर लगाया जाएगा। हाल ही में दो मरीजों को एडवांस सर्जरी से मिले इलाज को देखते हुए, यह कैंप लोगों के लिए बहुत ज़रूरी होगा।

हाल ही में, डॉक्टरों ने अनिल बोराडे (पुलिस कर्मचारी) और अनिल सोनावणे दोनों को 'पिट्यूटरी' ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से सफलतापूर्वक निकाला। ये दोनों मरीज सिर्फ सिरदर्द और धुंधली नज़र से परेशान थे। ठाणे के सोलारिस हॉस्पिटल में एडवांस टेक्नोलॉजी 'न्यूरो-नेविगेशन' का इस्तेमाल करके उनका ऑपरेशन किया गया।

न्यूरोसर्जन डॉ. अमित ऐवले ने कहा, 'यह टेक्नोलॉजी दिमाग के लिए 'GPS' की तरह काम करती है। इससे खोपड़ी खोले बिना, नाक से ट्यूमर को बहुत सटीकता से निकालना मुमकिन हो जाता है। इस प्रोसेस में, मरीज़ को कम दर्द होता है और वह जल्दी ठीक होकर घर लौट सकता है।'

# अंबरनाथ में 'डिलीवरी हब' से iPhone चोरी

- 55 लाख का गबन
- 8 लोगों पर केस दर्ज

**अंबरनाथ.** डिलीवरी हब और लॉजिस्टिक्स सर्विस देने वाली कंपनियों से 55 लाख 5 हजार 126 रुपये के गबन और महंगे iPhone चोरी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले में गुरुवार को अंबरनाथ वेस्ट पुलिस स्टेशन में कुल आठ आरोपियों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

चोरी की पहली घटना कल्याण-कर्जत हाईवे पर ऑर्डनेंस फैक्ट्री के सामने हब 'इंस्टाकार्ट अविरोरा' में हुई। 18 नवंबर 2025 को सुबह-सुबह आरोपी खान अतनान मोहम्मद नौशाद, शेख सुल्तान अहमद, मसीउल्लाह, रवींद्र और उनके दूसरे साथियों ने 31 लाख 18 हजार 120 रुपये कीमत के एप्पल कंपनी के 'आईफोन 16' मॉडल चुरा लिए। चोरी के सबूत मिटाने के लिए आरोपियों ने हब में लगे CCTV का DVR (TVR) भी चुरा लिया। दूसरी घटना विम्को नाका इलाके में 'अंबरनाथ डिलीवरी हब' में हुई। यहां काम करने वाले कर्मचारी गौस अहमद शाह, अभय पाल, विजय हावले और अली अंसारी ने 1 मार्च से 26 नवंबर 2025 के बीच कंपनी से ग्राहकों से मिले कैश को बिना जमा किए ही गबन कर लिया। कुल 23 लाख 87 हजार 6 रुपये के महंगे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू सामान का गबन किया गया है।

**कसारा, आसनगांव, कर्जत से CSMT तक जाने वाली**

# लोकल ट्रेनों में जुए के अड्डे शुरू



**कल्याण.** पिछले कई सालों से रेलवे प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के जवानों के ज़रिए लोकल ट्रेनों में चल रहे जुए के अड्डों को बंद करवाया था। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद, लोकल ट्रेनों में जुआ खेलने वाले जुआरियों के खिलाफ लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किए गए थे। इसलिए, पिछले कई सालों से लोकल ट्रेनों में चल रहे जुए के अड्डे बंद थे। अब कुछ लोकल ट्रेनों में ये जुए के अड्डे फिर से खुल गए हैं।

खास बात यह है कि कर्जत, कसारा, आसनगांव, टिटवाला, खोपोली से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जाने वाली लोकल ट्रेनों में ये जुए के अड्डे रेगुलर दिखने लगे हैं। एक बार जब ये जुआरी यात्री ताश खेलने के बाद लोकल कोच में अपनी सीट पर बैठ जाते हैं, तो दादर और CSMT रेलवे स्टेशन पहुंचने तक अपनी सीट से नहीं उठते। वे दूसरे यात्रियों को बैठने की जगह नहीं देते। हालांकि ये यात्री शौक के तौर पर जुआ खेलते हैं, लेकिन लोकल ट्रेनों में पब्लिक जगहों पर ताश खेलना कानूनन मना है। दूसरे पैसेंजर इन पैसेंजर के रेगुलर जुआ खेलने से नाराज़ हैं।

लोकल ट्रेनों में पैसेंजर की भीड़ बढ़ गई है। लोकल ट्रेन में चढ़ते समय पैसेंजर को बैठने या खड़े होने के लिए ठीक से जगह नहीं मिलती। ऐसे में जुआरी सीटें ब्लॉक कर लेते हैं और ग्रुप में जुआ खेलते हैं। इस वजह से दूसरे पैसेंजर उन सीटों के बीच की खाली जगह में खड़े नहीं हो पाते। पैसेंजर की शिकायत है कि जुआरी अपने बैग एक-दूसरे के ऊपर रखकर टेबल बना लेते हैं और फिर ताश खेलना शुरू कर देते हैं। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के जवानों को अब कल्याण से दादर और CSMT के बीच लोकल ट्रेनों में जुआ खेलने वाले पैसेंजर के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर देना चाहिए। रेलवे कर्मचारियों के लिए बनी स्पेशल लोकल ट्रेनों में ज़्यादातर डिब्बों में कर्मचारियों को ताश खेलते हुए देखा जा सकता है। यात्री रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के जवानों से इन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

## 15 दिन में 800 से ज्यादा लोग लापता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों से जहां लोग भय और चिंता के साथ खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं, वहीं कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली जैसा शहर, जहां सुरक्षा के तमाम आधुनिक इंतजाम होने के दावे किए जाते हैं, वहां अगर इतनी बड़ी संख्या में लोग लापता हो रहे हैं, तो यह वास्तव में गहरी चिंता का विषय है। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेने, उन पर अंकुश लगाने और लोगों के मन में सुरक्षा का भाव एवं भरोसा बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है?

स्थानीय पुलिस का तो कहना है कि गुमशुदा मामलों के आंकड़ों से लोगों को घबराने या दहशत में आने की जरूरत नहीं है। दलील दी जा रही है कि पिछले वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस बार लापता लोगों की संख्या में कमी आई है। यानी गत वर्ष जनवरी के शुरुआती दो सप्ताह में इससे भी कहीं ज्यादा लोग लापता हुए थे! इससे पुलिस की लापरवाही और असंवेदनशीलता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एक से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोगों की गुमशुदगी के मामले सामने आए। यानी इस दौरान प्रतिदिन औसतन 54 लोग देश की राजधानी से लापता हुए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि लापता व्यक्तियों से संबंधित सभी शिकायतों को तुरंत दर्ज किया जाता है और उनकी जांच की जाती है।

अगर इन दावों को सच मान भी लिया जाए, तो सवाल यह है कि पुलिस का काम क्या सिर्फ किसी अपराध के बाद अपराधी को पकड़ने का ही है? किसी अपराधी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आत्ममुग्ध होकर अपनी पीठ थपथपाती है, लेकिन क्या अपराध होने से पहले ही उसे रोक देने की जिम्मेदारी उसकी नहीं है!

पुलिस का यह कहना कि कुछ लोग पैसों के लिए इस तरह की खबरों को बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित एवं प्रसारित कर रहे हैं, वास्तव में उसकी व्यवस्थागत खामियों और नाकामियों को ही उजागर करता है, जिसे दुरुस्त किया जाना बेहद जरूरी है।

# विचार : चुनौती का सामना करें भारतीय उद्योग

इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की दिल्ली में उपस्थिति केवल भारत और यूरोप के बीच के मधुर होते संबंधों को ही नहीं बयान कर रही थी, बल्कि इन संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल को भी रेखांकित कर रही थी। अंततः गणतंत्र दिवस के अगले दिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच वह व्यापार समझौता हो गया, जिसकी व्यापक चर्चा हो रही थी और जिसे सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा जा रहा था। इस समझौते ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। प्रारंभ में अमेरिका की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक नहीं थी, लेकिन जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को 18 प्रतिशत करने जा रहा है।

उनकी इस घोषणा का भारतीय प्रधानमंत्री ने भी स्वागत किया। चूंकि गत दिवस इस समझौते की रूपरेखा सामने आ गई, इसलिए माना जा रहा है कि अगले माह इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। यूरोपीय यूनियन की तरह अमेरिका से होने वाला व्यापार समझौता इसलिए विशेष है, क्योंकि इसे लेकर असमंजस था कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो पाएगा या नहीं?

भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौता इसलिए हो सका, क्योंकि एक ओर जहां भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के रवैये से चिंतित था, वहीं दूसरी ओर यूरोप के देश भी। इस समझौते का एक कारण यह भी



रहा कि पिछले कुछ समय में भारत ने यूरोप के प्रमुख देशों फ्रांस और जर्मनी के साथ अपने रिश्ते प्रगाढ़ किए हैं। इसके अलावा हाल के समय में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान और यूएई के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं। कुछ अन्य देशों से भी भारत की व्यापार समझौते संबंधी वार्ताएं अंतिम चरण में हैं। इन देशों में कनाडा भी है, जिसके इन दिनों अमेरिका से रिश्ते खराब चल रहे हैं। यूरोप को व्यापार के मामले में भारत का साथ लेना इसलिए आवश्यक महसूस हो रहा था, क्योंकि यहां के देश कई आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

वैसे तो यूरोपीय देश संपन्न हैं, लेकिन उनके यहां छोटी-मोटी चीजों का उत्पादन बंद सा हो गया है और वे हाईटेक उत्पादों और सेवाओं पर ही अधिक केंद्रित हैं। यूरोपीय देश अप्रवासियों के आगमन के चलते सामाजिक उथल-पुथल का भी सामना कर रहे हैं। वहां के कई देशों में अप्रवासियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। यूरोप भले ही दो दर्जन से अधिक देशों की एक इकाई हो, पर वहां के कुछ देश अत्यधिक विकसित हैं तो कुछ विकासशील देशों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे विकासशील देश भारत से व्यापार को अपने लिए और लाभप्रद मान रहे हैं। जिस तरह भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते ने सुर्खियां बटोरीं, उसी तरह भारत और अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते को लेकर भी दुनिया भर में चर्चा हो रही है। समझौते पर दोनों देशों के साझा बयान ने चर्चा को और तेज कर दिया है। भारत अमेरिका के साथ यथाशीघ्र व्यापार समझौते के लिए इसलिए प्रयत्नशील था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारतीय निर्यातक मुश्किल में थे। यह व्यापार समझौता ट्रंप के रवैये के कारण ही अटका हुआ था।

वे इससे खफा थे कि भारत उनके न चाहने के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय में भारत ने रूस से तेल खरीद में कटौती की थी, लेकिन ट्रंप किसी तरह की नरमी नहीं दिखा रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने जब वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया और वहां अपनी कठपुतली सरकार स्थापित कर दी तो स्थितियां तेजी से बदलीं। वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद ट्रंप ने यह घोषणा की कि अब उसके तेल की बिक्री उनके हिसाब से होगी। इस घोषणा के कुछ दिनों बाद भारतीय प्रधानमंत्री और वेनेजुएला की राष्ट्रपति के बीच वार्ता भी हुई। इसी वार्ता के चंद दिन बाद ट्रंप ने भारत से व्यापार समझौते पर सहमति बन जाने के साथ यह भी घोषणा की कि अब भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा और रूस से तेल खरीद बंद करेगा। चूंकि भारत पहले भी वेनेजुएला से तेल खरीदता था, इसलिए यदि वह फिर से उससे तेल खरीद शुरू कर देता है तो इसमें कोई नई-अनोखी बात नहीं, लेकिन देखना यह है कि क्या वह रूस से पूरी तौर पर तेल खरीदना बंद करेगा?



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**ये प्रभु का बढ़ा हुआ हाथ ही है जो हमें प्रभु की ओर खींचता है।**

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान – सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मुफ्त उपहारों की राजनीति पर रोक की उम्मीद

देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं।

खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। ही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को कौन कितना ज्यादा



लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है।

गौरतलब है कि करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उस समय पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है।

सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? अगर कोई सत्ताधारी पार्टी चुनावों के ठीक पहले किसी योजना या कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाती है, तो उसकी जीत को कितना निष्पक्ष माना जाएगा? दिनोंदिन बढ़ती मुफ्त उपहारों की राजनीति के बीच होने वाले चुनाव को किस हद तक स्वच्छ और स्वतंत्र कहा जाएगा?

अफसोस की बात यह है कि लंबे समय से इस पर सवाल उठने के बावजूद अब तक इस दिशा में ऐसा कानून जमीन पर नहीं दिखता है, जो राजनीतिक दलों को मतदाताओं के सामने मुफ्त उपहारों का लोभ परोसने और इसके जरिए उनका वोट हासिल करने की कोशिश करने से रोक सके। यह स्पष्ट होना चाहिए कि 'अतार्किक मुफ्त उपहार' के चुनावी वादे मतदाताओं को गलत तरीके से प्रभावित करने की कोशिश हैं और इससे न केवल राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा बुरी तरह प्रभावित होती है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता भी दूषित होती है।

# गुलाब की खेती में भारत का कौन-सा राज्य है नंबर-1?


सोचा है कि आपके प्यार का इजहार करने वाला यह खूबसूरत गुलाब आखिर आता कहां से है? हाल ही में आए

### जरा हट के

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके प्यार का इजहार करने वाला यह खूबसूरत गुलाब आखिर आता कहां से है? हाल ही में आए आंकड़ों के मुताबिक, भारत में गुलाब का उत्पादन बहुत बड़े पैमाने पर होता है। साल 2023-24 में भारत में गुलाब का कुल उत्पादन 2,76,720 मीट्रिक टन दर्ज किया गया है। आइए जानते हैं कि इस दौड़ में कौन-सा राज्य सबसे आगे है

### उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में कांटे की टक्कर

गुलाब उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले नंबर पर है। यहां कुल 66,410 मीट्रिक टन गुलाब का उत्पादन हुआ है, लेकिन दक्षिण भारत का तमिलनाडु भी इससे ज्यादा पीछे नहीं है। तमिलनाडु 66,170 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर है, जो उत्तर प्रदेश से बहुत कम अंतर से पीछे है। ये दोनों राज्य



मिलकर भारत के गुलाब उत्पादन का एक बहुत बड़ा हिस्सा कवर करते हैं।

टॉप 10 राज्यों की इस लिस्ट में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात भी मजबूती से अपनी जगह बनाए हुए हैं। मध्य प्रदेश 43,860 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ तीसरे नंबर पर है। इसके ठीक बाद छत्तीसगढ़ का नंबर आता है, जहां 42,010 मीट्रिक टन गुलाब उगाए गए। वहीं, गुजरात 41,320 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ पांचवें स्थान पर अपनी खुशबू बिखेर रहा है।

गुलाब की खेती में कर्नाटक छठे स्थान पर है, जहां 10,860 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ। इसके बाद तेलंगाना (3,320 मीट्रिक टन) और हरियाणा (1,920 मीट्रिक टन) का स्थान आता है। पहाड़ी राज्यों की बात करें, तो उत्तराखंड 500 मीट्रिक टन के साथ नौवें और त्रिपुरा 350 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ दसवें स्थान पर है। यह तमाम जानकारी कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) के नवीनतम उपलब्ध डेटा पर आधारित है, जो बताता है कि भारत के अलग-अलग कोने, वेलेंटाइन डे को खास बनाने में कितना बड़ा योगदान देते हैं।

# क्रिस्पी पनीर बॉल्स

खाना-खजाना

पनीर बॉल्स की खासियत यह है कि ये ऊपर से जितने कुरकुरे होते हैं, अंदर से उतने ही मुलायम और 'मेल्ट-इन-माउथ' होते हैं। बड़ों से लेकर बच्चों तक, यह डिश हर किसी की फेवरेट बन जाती है। सबसे अच्छी बात? इसे बनाने में बमुश्किल 15 से 20 मिनट लगते हैं।

### सामग्री

- पनीरः 1 कप (कद्दूकस किया हुआ)
- उबले आलूः 2 मीडियम शेप के (अच्छे से मैश किए हुए)
- मसालेः लाल मिर्च पाउडर, नमक, काली मिर्च और थोड़ा सा चाट मसाला (चटपटे स्वाद के लिए)
- बाइंडिंग के लिएः 2 चम्मच कॉर्नफ्लोर या मैदा
- कोटिंग के लिएः ब्रेडक्रम्ब्स (ब्रेड का चूरा) –
- तलने के लिएः तेल

### बनाने का तरीका

सबसे पहले एक बड़े कटोरे में कद्दूकस किया हुआ पनीर और उबले हुए आलू लें। इसमें कटी हुई हरी मिर्च, हरा धनिया और सारे सूखे



मसाले (नमक, मिर्च, चाट मसाला) डाल दें। इन सबको हाथों से अच्छे से मिलाएं ताकि यह एक आटे जैसा बन जाए।

अब अपने हाथों पर हल्का सा तेल लगाएं। मिश्रण का थोड़ा सा हिस्सा लें और उसे गोल-गोल लड्डू जैसा आकार दें। ध्यान रखें कि इसमें कोई दरार न हो, वरना तलते समय ये फट सकते हैं। इसके बाद, एक छोटी कटोरी में 2 चम्मच मैदा और थोड़ा पानी मिलाकर एक पतला घोल बना लें। अब तैयार पनीर बॉल्स को पहले इस घोल में डुबोएं और फिर तुरंत ब्रेडक्रम्ब्स में लपेट दें। यह स्टेप बहुत जरूरी है, क्योंकि इसी से वो 'क्रंच' आएगा। कड़ाही में तेल गरम करें। तेल मीडियम आंच पर होना चाहिए। बॉल्स को तेल में डालें और तब तक तलें जब तक वे सुनहरे भूरे रंग के न हो जाएं।

लीजिए, आपके गर्मागर्म 'क्रिस्पी पनीर बॉल्स' तैयार हैं। इन्हें हरी पुदीने की चटनी या टोमेटो केचप के साथ परोसें। यकीन मानिए, एक बार खाने के बाद आप बाजार के स्नैक्स भूल जाएंगे।

# सब्जी में तेल ज्यादा हो गया है?

### 5 आसान तरीकों से निकालें एक्स्ट्रा ऑयल

हम सभी के साथ ऐसा कभी न कभी जरूर होता है– हम पूरे प्यार और मन से सब्जी बना रहे होते हैं, लेकिन गलती से तेल थोड़ा ज्यादा गिर जाता है। कभी-कभी 'थोड़ा-सा और' डालने के चक्कर में सब्जी के ऊपर तेल की पूरी परत तैरने लगती है। यह न सिर्फ सब्जी का स्वाद बिगाड़ता है, बल्कि हमारी सेहत के लिए भी बहुत नुकसानदायक होता है। अगर आपकी सब्जी में तेल ज्यादा हो गया है, तो आपको उसे फेंकने या उदास होने की जरूरत नहीं है। हमारे पास ऐसे 5 आसान घरेलू नुस्खे हैं, जिनसे आप मिनटों में एक्स्ट्रा ऑयल को बाहर निकाल सकते हैं और अपनी डिश को फिर से हेल्दी और टेस्टी बना सकते हैं।

### बर्फ का टुकड़ा

यह सबसे पुराना और असरदार तरीका है। अगर तरी वाली सब्जी में तेल ऊपर तैर रहा है, तो एक बड़ा बर्फ का टुकड़ा लें और उसे कुछ सेकंड के लिए सब्जी की तरी में घुमाएं। विज्ञान यह है कि ठंडा होते ही तेल जमने लगता है और वह बर्फ से चिपक जाएगा। बस ध्यान रखें कि बर्फ को पिघलने से पहले ही बाहर निकाल लें। आप चाहें तो एक बड़ी चम्मच में बर्फ रखकर, उस ठंडी चम्मच को भी तेल के ऊपर फिरा सकते हैं।

### फ्रिज में ठंडा करें

अगर आपके पास समय है और मेहमानों के आने में अभी देर है, तो सब्जी को ठंडा होने दें और उसे कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें। ठंडक की वजह से घी या तेल सब्जी के ऊपर जमकर एक सख्त परत बना लेगा। इसके बाद आप आसानी से चम्मच की मदद से उस जमी हुई परत को हटा सकते हैं और सब्जी को दोबारा गर्म करके परोस सकते हैं।

### ब्रेड स्लाइस का कमाल

ब्रेड सिर्फ नाश्ते के लिए ही नहीं, बल्कि एक्स्ट्रा तेल सोखने के भी काम आती है। अगर सब्जी में तेल ज्यादा लग रहा है, तो एक ब्रेड स्लाइस लें और उसे हल्के हाथों से सब्जी के ऊपर तैर रहे तेल पर रखें। ब्रेड तुरंत एक्स्ट्रा ऑयल को सोख लेगी। ध्यान रहे कि ब्रेड को सब्जी में डुबोना नहीं है, बस ऊपर से तेल सोखकर तुरंत हटा लेना है।

### भुना हुआ बेसन मिलाएं

अगर आपकी ग्रेवी वाली सब्जी में तेल ज्यादा हो गया है और वह पतली भी लग रही है, तो यह तरीका सबसे बेस्ट है। एक पैन में



थोड़ा-सा बेसन सूखा भून लें और उसे सब्जी में मिला दें। बेसन न सिर्फ एक्स्ट्रा तेल को सोख लेगा, बल्कि आपकी ग्रेवी को गाढ़ा और स्वादिष्ट भी बना देगा। इससे सब्जी का टेक्सचर बहुत बढ़िया हो जाता है।

### टिश्यू पेपर

अगर आपने सूखी सब्जी (जैसे भिंडी या आलू) बनाई है और उसमें तेल ज्यादा हो गया है, तो टिश्यू पेपर का इस्तेमाल करें। सब्जी बनने के बाद उसे कड़ाही से निकालकर एक प्लेट में रखे टिश्यू पेपर पर फैला दें। आप ऊपर से भी हल्के हाथ से टिश्यू पेपर दबाकर एक्स्ट्रा तेल निकाल सकते हैं। यह तरीका फ्राइड स्नैक्स के लिए भी बहुत काम आता है।

अगली बार जब भी आपसे कुकिंग में ऐसी गलती हो, तो टेंशन लेने के बजाय इन स्मार्ट ट्रिक्स का इस्तेमाल करें। इससे आपकी मेहनत भी बचेगी और परिवार की सेहत भी बनी रहेगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृषभ** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मिथुन** : भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**सिंह** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कन्या** : नए अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें।

**तुला** : धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक** : समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें।

**धनु** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मकर** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

**कुंभ** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।


**मीन** : दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# एक दिन में कितने अंडे खा सकते हैं?



गर्भवती महिलाओं के लिए अंडे बहुत फायदेमंद होते हैं. ये न सिर्फ मां की सेहत को बेहतर बनाते हैं, बल्कि गर्भ में बच्चे की ग्रोथ के लिए जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं. आमतौर पर एक स्वस्थ व्यक्ति रोज दो अंडे खा सकता है.



अंडे हमारे लिए आसानी से मिलने वाला और कम खर्च में मिलने वाला बेहतरीन पोषक आहार है. छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए अंडे खास जगह रखते हैं. खासकर शरीर को जरूरी प्रोटीन जल्दी देने में अंडे बहुत फायदेमंद होते हैं, इसलिए कई डॉक्टर रोजाना खाने में अंडे जरूर शामिल करने की सलाह देते हैं. प्रोटीन के अलावा अंडों में कई तरह के विटामिन, मिनरल्स और हेल्दी फैट्स भी भरपूर होते हैं.

बहुत लोगों को लगता है कि अंडे खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है, लेकिन डॉक्टर कहते हैं कि सही मात्रा में अंडे खाने से गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और बैड कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है. वजन कम करना चाहते हैं तो अंडे का सफेद हिस्सा ज्यादा खा सकते हैं. वजन बढ़ाना चाहते हैं तो पीला हिस्सा भी खाने में शामिल कर सकते हैं.

जो लोग ज्यादा शारीरिक मेहनत करते हैं वे तीन से चार अंडे भी खा सकते हैं. बॉडी बिल्डर, जिम जाकर घंटों वर्कआउट करने वाले, स्पोर्ट्स पर्सन, एथलीट्स आदि को अंडे नॉर्मल लोगों से अधिक खाने की सलाह दी जाती है.

तेल में तले हुए अंडों की तुलना में उबले हुए अंडे या कम तेल में बनी ऑमलेट सेहत के लिए बेहतर होते हैं. आप नाश्ते में उबले अंडे खा सकते हैं.

अगर सही तरीके से और सीमित मात्रा में अंडे खाएं तो ये सच में सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.

# सुबह उठते ही न देखें मोबाइल

### डॉक्टर ने बताए मॉर्निंग Eye Care के 5 नियम

### आंखों की थकान रहेगी दूर



हमारी आंखें दिनभर बिना रुके सबसे ज्यादा काम करती हैं, इसलिए इन्हें सुबह के समय खास देखभाल की जरूरत होती है। ग्वालियर के रतन ज्योति नेत्रालय के संस्थापक और डायरेक्टर, आई सर्जन डॉ. पुरेंद्र भसीन के अनुसार, अगर हम अपनी सुबह की शुरुआत सही आदतों के साथ करें, तो आंखों की थकान, ड्राइनेस और नजर से जुड़ी कई समस्याओं से बच सकते हैं।

### ठंडे पानी से धोएं आंखें

सुबह उठते ही सबसे पहला काम अपनी आंखों को साफ और ठंडे पानी से धोने का करें। पानी के हल्के छींटे मारने से रातभर आंखों में जमा हुई गंदगी साफ हो जाती है। यह आदत आंखों को ताजगी तो देती ही है, साथ ही जलन, खुजली और सूखेपन को कम करके दिन की बेहतरीन शुरुआत करती है।

### सुबह की धूप का लें आनंद

सुबह की हल्की धूप में कुछ पल बिताना आंखों के लिए किसी टॉनिक से कम नहीं है। प्राकृतिक रोशनी आंखों को गहरा आराम देती है और हमारे शरीर की 'बायोलॉजिकल क्लॉक' को सही रखने में मदद करती है। यह आदत दिनभर स्क्रीन और आर्टिफिशियल लाइट से आंखों पर पड़ने वाले दबाव को संतुलित करती है।

### मोबाइल स्क्रीन से बनाएं थोड़ी दूरी

अक्सर लोग आंख खुलते ही मोबाइल या लैपटॉप देखने लगते हैं, लेकिन आंखों की सेहत के लिए यह सही नहीं है। सुबह उठते ही स्क्रीन देखने से आंखों पर बेवजह दबाव पड़ता है। इसलिए, दिन की शुरुआत में कुछ समय स्क्रीन से दूर रहें। इससे आपकी आंखों को प्राकृतिक रूप से जागने का मौका मिलता है और वे लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं।

### आंखों की हल्की एक्सरसाइज

सुबह के समय आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए थोड़ी कसरत जरूर करें। कुछ मिनटों के लिए आंखों को बंद करें और खोलें, फिर ऊपर-नीचे और दाएं-बाएं देखें। यह आसान-सी आदत आंखों की थकान को मिटाती है और लंबे समय तक नजर को तेज बनाए रखने में मददगार साबित होती है।

### नाश्ते में शामिल करें सही पोषण

आंखों की सेहत का सीधा संबंध आपके खान-पान से है। अपने सुबह के नाश्ते में हरी सब्जियां, फल, नट्स और प्रोटीन को जरूर शामिल करें। विटामिन ए, सी और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर भोजन आंखों की रोशनी को बेहतर करता है और 'ड्राई आई' जैसी समस्याओं से बचाता है।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पिता ने दामाद से मिल बेटे को बांधकर पीटा, फिर गला दबाकर मार डाला

**प्रयागराज.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के सोरांव के सेवइत गांव में शनिवार को एक युवक की हत्या कर दी गई। आरोप उसके पिता और बहनोई पर है। बताया गया कि शादी की खरीदारी को लेकर हुए विवाद के बाद पिता ने दामाद के साथ मिलकर पहले बेटे को बांधकर पीटा, फिर गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से खुशियों वाले घर में मातम पसर गया। सेवइत के रौजा मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय अनिल कुमार की बहन काजल की इसी माह शादी है। पुलिस के अनुसार, बताया गया कि खरीदारी में पैसों को लेकर अनिल कुमार का अपने पिता सफाईकर्मी गुड्डू लाल चौधरी और बड़े बहनोई राजू से विवाद हुआ। आरोप है कि बात बढ़ने पर पिता और बहनोई ने अनिल को बांधकर पीटा। मारपीट के दौरान ही उसका गला दबा दिया।

### सड़क पर अचानक बेकाबू होकर ट्रेलर में घुसी कार, 3 की मौत; 4 की हालत गंभीर

**कुशीनगर.** यूपी के कुशीनगर में रविवार की भोर में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यह हादसा हाटा नगर क्षेत्र में एनएच-28 पर हुआ। नगर के रायल पैलेस मैरिज हाल के सामने तेज रफ्तार लग्जरी कार ने आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार ट्रेलर के अंदर घुस गई। मौके पर ही तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना रविवार सुबह करीब चार बजे की है। कसया की ओर से गोरखपुर जा रहा ट्रेलर जैसे ही हाटा नगर के रायल पैलेस मैरिज हाल के सामने पहुंचा, तभी अहिरौली तुलादास क्षेत्र के सात युवक एक मांगलिक कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा देखकर क्रेटा कार से तेज गति में हाटा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे ट्रेलर में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रेलर के भीतर फंस गई।

### खाई में टैंपो पलटने से तीन बच्चों की मौत

**लखीमपुर.** यूपी के लखीमपुर में धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की आधी रात एक टेम्पो पुलिया की रेलिंग तोड़कर खाई में पलट गया। हादसे इतना दर्दनाक था कि ऑटो सवार तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में दो भाई बहन है। जबकि चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। खमरिया थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी वारिस का परिवार शनिवार को धौरहरा कस्बे में अपने एक रिश्तेदार के घर आया था। यहां कोई धार्मिक कार्यक्रम था। कार्यक्रम निपटाने के बाद रात एक बजे परिवार टेम्पो से घर जा रहे थे।

# संघ कहेगा तो इस्तीफा दे दूंगा

- **75 साल की उम्र पर क्या बोले मोहन भागवत**




नई दिल्ली. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे और इस संगठन ने ही उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने के लिए कहा है। वह आरएसएस शताब्दी समरोह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। भागवत ने कहा, 'आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। आम तौर पर कहा जाता है कि 75 वर्ष की आयु के बाद किसी को कोई पद धारण किए बिना काम करना चाहिए।' बता दें कि सितंबर 2025 में ही भागवत 75 साल के हो गए हैं।

**कभी नहीं होगा रिटायरमेंट**

उन्होंने कहा, 'मैंने 75 वर्ष पूरे कर लिए और मैंने आरएसएस को इसकी सूचना भी दे दी थी, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा लेकिन काम से सेवानिवृत्ति कभी नहीं होगी।' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि परिस्थितियां सहायक या प्रतिकूल हो सकती हैं और उन पर अत्यधिक ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**संस्कारों को बढ़ाना ही संघ का उद्देश्य**

उन्होंने कहा, ''हमें समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समाधान खोजने पर ध्यान देना चाहिए। जब तक सच्चाई सामने नहीं आती, भ्रम बना रहता है।' भागवत ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि संगठन ''अपने स्वयंसेवकों से खून के आखिरी कतरे तक काम निकलवाता है' और उन्होंने दावा किया कि आरएसएस के इतिहास में अब तक ऐसी कोई स्थिति नहीं आई है जब किसी को सेवानिवृत्त करना पड़ा हो। उन्होंने कहा कि संघ का काम संस्कारों को बढ़ावा देना है, न कि चुनाव प्रचार करना।

उन्होंने कहा, ''हम अपने प्रचार-प्रसार में पिछड़ गए हैं। अत्यधिक प्रचार से प्रसिद्धि तो मिलती है, लेकिन फिर अहंकार भी आ जाता है। इससे बचाव करना जरूरी है। प्रचार बारिश की तरह होना चाहिए, यानी समय और मात्रा दोनों में उचित होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस जनसंपर्क अभियान चला रहा है।

**अंग्रेजी कभी नहीं हो सकती आरएसएस की संचार भाषा**

भागवत ने कहा कि आरएसएस के कामकाज में अंग्रेजी कभी भी संचार का माध्यम नहीं होगी क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम भारतीयों के

# कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं

- **मलेशिया से पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दिया कड़ा संदेश**



कुवालालंपुर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के उनके समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच व्यापक बातचीत के बाद भारत और मलेशिया ने रविवार को रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर तथा व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की शुरुआत की। बैठक के बाद मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया एक 'विशेष संबंध' साझा करते हैं और दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, ''आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।'

पीएम मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया जो द्विपक्षीय संबंधों में एक नई गति का संकेत है। वार्ता से पहले मोदी का आज सुबह पर्दाना पुत्र में औपचारिक स्वागत किया गया। मोदी ने कहा, ''भारत और मलेशिया के बीच एक विशेष संबंध है। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'आज, भारतीय मूल के लोगों की आबादी के मामले में मलेशिया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्य हमें एक सूत्र में बांधते हैं।'' मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष आतंकवाद विरोधी उपायों, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हम रक्षा सहयोग को और अधिक व्यापक बनाएंगे। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।' प्रधानमंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है।

# अजित पवार की अस्थियां लेकर बेटा नंगे पैर संगम पहुंचा

- **पत्रकारों के सवाल पर चुप रहे**



**प्रयागराज.** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी CM अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। बेटे जय पवार ने संगम पर पूजा-पाठ की। फिर मंत्रोच्चारण के बीच अस्थि विर्सजन किया। इस दौरान जय पवार भावुक नजर आए। वह पूरे कार्यक्रम के दौरान चुप रहे। किसी से बात नहीं की। यही नहीं, जब पत्रकारों ने जय से सवाल किए तो भी वह चुप रहे, कुछ भी नहीं कहा। पवार परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से पुणे से प्रयागराज पहुंचा था। जय पिता की अस्थियां लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। उनके हाथ में अस्थियों का बॉक्स था। एयरपोर्ट से संगम तक लंबे काफिले के साथ परिवार घाट तक पहुंचा। अस्थि विसर्जन के दौरान भाजपा और NCP के नेता भी मौजूद रहे। दरअसल, एनसीपी की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा की अगुवाई में कश्मीर से कन्याकुमारी तक अजित पवार की 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी। 12 राज्यों से गुजरी यात्रा का समापन आज बेटे और परिवार की मौजूदगी में संगम में हुआ।

# BJP में 'घर वापसी' की तैयारी में सिद्धू?

- **कांग्रेस से हटने के बाद नवजोत कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'**



**नई दिल्ली.** पंजाब की राजनीति में पिछले दो महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है। पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। हालांकि, इस निष्कासन से पहले ही 31 जनवरी को नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कांग्रेस आलाकमान के इस कड़े कदम ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने न केवल इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी, बल्कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल गांधी को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया जो आमतौर पर विपक्षी खेमे द्वारा उनके उपहास के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नवजोत कौर का यह बयान कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों की कड़वाहट को चरम पर ले गया है।

**500 करोड़ का सूटकेस....**

विवाद की जड़ें पिछले साल दिसंबर में जमीं, जब नवजोत कौर ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चेहरा वही बनता है जो 500 करोड़ रुपये का सूटकेस देता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू सक्रिय राजनीति में तभी लौटेंगे जब उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया जाएगा। उस समय उन्होंने कहा था, 'कांग्रेस में इतनी गुटबाजी है कि वे नवजोत सिद्धू को आगे नहीं बढ़ने देंगे। वहां पहले से ही पांच दावेदार मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं और वे खुद कांग्रेस को हराने पर तुले हुए हैं।'

# रूस से तेल खरीद में बड़ी कटौती करेगा भारत?



**नई दिल्ली.** अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है।

- **इन कंपनियों ने बंद किया रूस से तेल आयात**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने पिछले साल अमेरिका द्वारा रूस के प्रमुख निर्यातकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के तुरंत बाद वहां से तेल खरीदना बंद कर दिया था। अब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भी अपनी खरीद धीरे-धीरे बंद करेंगे।

भारत की सबसे बड़ी खरीदार कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भी अगले कुछ हफ्तों में 1,50,000 बैरल की खेप प्राप्त होने के बाद रूसी तेल की खरीद बंद कर सकती है जिसने पिछले साल के अंत में रोसनेफ्ट और लुकॉइल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद खरीदारी रोक दी थी। इस नियम का एकमात्र अपवाद 'नायरा एनर्जी' हो सकती है। रूसी संबंधों (नायरा में रोसनेफ्ट की 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी) के कारण नायरा पर पहले यूरोपीय संघ और फिर ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों के कारण कोई अन्य बड़ा आपूर्तिकर्ता कंपनी के साथ व्यावसायिक लेनदेन नहीं करना चाहता, जिससे वह प्रतिबंधित नहीं की गई संस्थाओं से रूसी तेल खरीदने को मजबूर है।

### ट्रेनिंग पर निकले एयरक्राफ्ट की क्रैश लैंडिंग, बाल-बाल बची ट्रेनर और इंस्ट्रक्टर की जान

**विजयपुरा.** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में एक प्राइवेट एयरक्राफ्ट की क्रैश लैंडिंग हुई। जानकारी के मुताबिक यह एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग के लिए उड़ा था, तभी क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट एक खुले खेत में उतरा। इसमें सवार, ट्रेनर और इंस्ट्रक्टर बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक यह छोटा विमान, सेसना 172 था। अधिकारियों के मुताबिक विमान को बेलगावी एयरपोर्ट से करीब 100 किमी पूरब, बगलकोट के खेतों में फोर्स लैंडिंग करनी पड़ी।

इस छोटे विमान में इंट्रक्टर और ट्रेनर सवार थे। लैंडिंग से ऐन पहले दोनों सफलतापूर्वक विमान से निकलने में कामयाब रहे थे। हालांकि दोनों को चोटें आई हैं और उन्हें तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

# जिला परिषद चुनाव में नाबालिगों ने वोट डाले!

- **दावा- सोलापुर में उम्मीदवार के बेटे ने वोटिंग की;**
- **संभाजीनगर में भी विधायक बेटे को लेकर पहुंचा**





**मुंबई.** महाराष्ट्र जिला परिषद चुनाव के दौरान नाबालिग को पोलिंग बूथ के अंदर ले जाने से जुड़े दो मामले सामने आए हैं। पहला केस सोलापुर और दूसरा छत्रपति संभाजीनगर जिले से जुड़ा है।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, सोलापुर जिले के अकलुज स्थित यशवंत नगर मतदान केंद्र पर उम्मीदवार अर्जुन सिंह मोहिते पाटिल अपने 14 साल के बेटे के साथ पोलिंग बूथ के अंदर गए। आरोप है कि नाबालिग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) का बटन दबाया।

इधर, छत्रपति संभाजीनगर जिले में शिवसेना विधायक अपने नाबालिग बेटे को मतदान केंद्र के अंदर ले गए। विधायक ने अपने और बेटे दोनों की उंगली पर स्याही लगवाई।

दरअसल, शनिवार को राज्य के 12 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव हुए। इसमें करीब 67 प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत दर्ज किया गया।

अर्जुन सिंह मोहिते पाटिल ने कहा कि उनका बेटा केवल मतदान की प्रोसेस समझना चाहता था। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा यह जानना चाहता था कि वोटिंग कैसे होती है, इसलिए मैं उसे अंदर ले गया। मतदान अधिकारियों ने आपत्ति जताई थी, लेकिन मैंने अनुरोध किया कि वह मेरे पास खड़ा रह सके। मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता।

छत्रपति संभाजीनगर जिले के पाचोड़ मतदान केंद्र पर शिवसेना विधायक अपने नाबालिग बेटे को मतदान केंद्र के अंदर ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों और वीडियो के मुताबिक, विधायक ने अपने और बेटे दोनों की उंगली पर स्याही लगवाई और इसके बाद EVM के जरिए मतदान किया।

**सूरजकुंड मेला हादसा मामले में बड़ा ऐक्शन**

# दो लोगों को किया गिरफ्तार

**सूरजकुंड.** सूरजकुंड मेले में हुए झूला हादसा मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी गठित कर दी है। थाना सूरजकुंड में हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक 7 फरवरी को एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना सूरजकुंड मेला परिसर में घटित हुई थी, जिसमें एक झूला टूट गया था। घटनाक्रम में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गये।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार मामले की गंभीरता के मध्य नजर पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने अभियोग के अनुसंधान के लिए पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2, प्रभारी क्राइम ब्रांच एनआईटी व उप निरीक्षक संजय थाना सूरजकुंड की एक विशेष अनुसंधान टीम गठित की है.

उन्होंने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए मेला परिसर में झूले लगाने वाली कंपनी हिमाचल केयर फन केयर के प्रोपराइटर मोहम्मद शाकिर वासी और एक अन्य आरोपी नितेश को गिरफ्तार किया है।

# टी-20 वर्ल्ड कप : भारत की जीत से शुरुआत




- **USA को 29 रन से हराया**
- **कप्तान सूर्या की फिफ्टी, सिराज को 3 विकेट**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में USA को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में USA ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए USA की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 84 रन की पारी खेली। उन्होंने कप्तानी करते हुए 8वां अर्धशतक लगाया है। इतना ही नहीं, सूर्या ने बतौर कप्तान टी-20 इंटरनेशनल में एक हजार रन भी पूरे कर लिए हैं।

अमेरिका की ओर से शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए।

### सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इंडिया ने 46 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### सिराज ने विकेट दिलाए

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भारत को अहम मौको पर विकेट दिलाए। उन्होंने पावरप्ले के अंदर अमेरिकी ओपनर एंड्रीज गौस (6 रन) और सैतेजा मुक्कामाला (2 रन) को पवेलियन भेज दिया। फिर 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर शुभम रंजने (37 रन) को LBW कर दिया।

### दिल्ली के पीरागढ़ी में कार में मिले तीन लोगों के शव, सुसाइड की आशंका

**नई दिल्ली.** दिल्ली के पीरागढ़ी इलाके में एक ही कार के भीतर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान 62 वर्षीय रणधीर, 42 वर्षीय शिवनरेश और 40 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जिस कार में शव मिले वह रणधीर की थी। रणधीर और शिवनरेश दिल्ली के रणहौला इलाके के रहने वाले थे, जबकि लक्ष्मी जहांगीरपुरी की निवासी थी। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि मृतकों के शरीर पर चोट का कोई भी बाहरी निशान नहीं पाया गया है। इसके अलावा, कार के भीतर मौजूद उनका कीमती सामान भी सुरक्षित मिला है.

# गुजरात में स्टूडेंट ने महिला टीचर को थप्पड़ मारा

- **देर से आने पर टोका था, बोला- मुझसे सवाल करने वाली तुम होती कौन हो**

गुजरात के पंचमहल जिले में 12वीं के एक छात्र ने महिला टीचर को क्लासरूम में थप्पड़ मार दिया। घटना 24 जनवरी को शेरा कस्बे के एस.जे. डेव हाई स्कूल में हुई। मामले का CCTV फुटेज सामने आने के बाद विवाद बढ़ा और 3 फरवरी को FIR दर्ज की गई।

पुलिस के मुताबिक, छात्र 12वीं की दूसरी प्रीलिम परीक्षा के लिए देर से पहुंचा था। महिला इन्विजिलेटर ने जब उससे देरी की वजह पूछी, तो छात्र भड़क गया। उसने कहा, 'घर में मुझसे कोई कुछ नहीं पूछता, आप कौन होती हैं सवाल करने वाली।'

CCTV फुटेज में दिखा कि क्लासरूम में स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे थे। सभी आरोपी छात्र आया। गेट पर टीचर से उसकी बहस हुई। इसके बाद उसने महिला टीचर के गाल पर थप्पड़ मारा और जोर से धक्का दे दिया। इतने देर में दूसरे स्टूडेंट्स डेस्क से उठकर आ गए।

इसके बाद आरोपी भाग गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामले को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिली।

पुलिस ने बताया कि उसी दिन आरोपी छात्र के पिता ने टीचर और स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल से माफी मांगी थी।

# 114 राफेल विमान खरीदने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली.** भारत वायुसेना की ताकत बढ़ाने पर लगातार काम कर रहा है। अत्याधुनिक राफेल विमान पहले से ही वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। वहीं अब 114 राफेल विमानों की खरीद की प्रक्रिया तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 3.25 लाख करोड़ की कीमत में 114 राफेल विमानों की खरीद पर मुहर लग सकती है।

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत अपने डिफेंस सेक्टर को तेजी से मजबूत कर रहा है। 18 से 20 फरवरी तक भारत में एआई समिट होने जा रही है जिसमें इमैनुएल मैक्रों भी शामिल होंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट में 18 विमान फ्लाई अवे कंडीशन में खरीदे जाएंगे। वहीं 60 फीसदी तक विमान भारत में बनाए जाएंगे। इन 114 विमानों में से 80 फीसदी विमान भारत में ही बनाए जा सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत 88 सिंगल सीटर और 26 ट्विन सीटर विमान खरीदे जा सकते हैं। इनमें से ज्यादातर भारत में ही निर्मित होंगे। दसॉ और भारतीय प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां मिलकर विमान बनाएंगी। पिछले महीने ही यह प्रोजेक्ट रक्षा खरीद बोर्ड की तरफ से मंजूर हो गया था। अब अगल स्तर पर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलनी है। इसके बाद तकनीकी और वाणिज्यिक स्तर पर औपचारिक बातचीत शुरू हो जाएगी। मैक्रों के भारत दौरे के दौरान ही इस प्रोजेक्ट को फाइनल शेप दिया जा सकता है।



**बढ़ा दिया गया है रक्षा बजट...**

बता दें कि इस वित्त वर्ष में रक्षा मंत्रालय के लिए 7 .85 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है जो कि पिछले साल से 15 प्रतिशत अधिक है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आये इस पहले बजट में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने की रक्षा तैयारियों को तेजी से आगे बढाने और सेनाओं के आधुनिकीकरण पर पूरा जोर दिया गया है। रक्षा बजट के लिए आवंटित राशि कुल सकल घरेलू उत्पाद का 1.99 प्रतिशत है।

**क्या कहते हैं जानकार...**

जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती करीबी को देखते हुए भारत रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहा है। यह डील पूरी होने के बाद भारत के पास 176 राफेल विमान होंगे। सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 1.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। बजट में पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो पिछली बार 1.60 लाख करोड़ रुपये था। अनुसंधान और विकास के लिए भी 17250 करोड़ रुपये का प्रावधान है जो पिछली बार 14923 करोड़ रुपये था।

संक्षेप...

### ठाणे में 13 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त

**ठाणे.** ठाणे शहर में पुलिस ने विशेष अभियान के तहत चार किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है। जब्त की गई हेरोइन की कीमत 13 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक का कथित रूप से मुंबई के अंडरवर्ल्ड से संबंध रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उसका नाम 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों की जांच में भी सामने आया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमरसिंह जाधव ने शुक्रवार शाम बताया कि तीन फरवरी की सुबह कार्रवाई की गई।

# अजीत पवार की मौत को लेकर संदेह

## 10 फरवरी को दूंगा प्रेजेंटेशन -रोहित पवार

**पुणे.** एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में हुई मौत की परिस्थितियों को लेकर सभी के मन में सवाल और संदेह हैं. उन्होंने कहा कि वह 10 फरवरी को मुंबई में इस मामले पर एक डिटेल प्रेजेंटेशन देंगे और बताएंगे कि हादसा क्यों हुआ और कैसे हुआ होगा. रोहित पवार ने यह बात बारामती में जिला परिषद चुनाव में वोट डालने के बाद पत्रकारों से कही.

### जिप और पंचायत समिति चुनाव की जानकारी

महाराष्ट्र में शनिवार को 12 जिला परिषद और 125 पंचायत समितियों के लिए मतदान हुआ. ये चुनाव पहले 5 फरवरी को होने वाले थे, लेकिन 28 जनवरी को बारामती में विमान हादसे में अजित पवार की मौत के बाद इन्हें टाल दिया गया था.

### पार्टी एकता की कोशिश जारी रहेगी

रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार चाहते थे कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग गुट एक हो जाएं और विलय की कोशिशें आगे भी जारी रहेंगी. उन्होंने कहा कि अजित दादा दिल से चाहते थे कि सभी एक परिवार की तरह साथ आएं और आज सभी साथ आए हैं. परिवार अब भी



एकजुट है और आगे भी उसी तरह प्रयास जारी रहेंगे.

शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और एनसीपी ने जिला परिषद चुनाव के लिए हाथ मिलाया है. दोनों दलों के उम्मीदवार एनसीपी की 'घड़ी' चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं.

### 12 फरवरी को बताएंगे विलय के पीछे की मंशा

अहिल्यानगर जिले की करजात-जामखेड़ सीट से विधायक रोहित पवार ने कहा कि वह 12 फरवरी को यह भी बताएंगे कि पार्टी विलय की योजना क्यों बनाई गई थी और इसके पीछे असली मंशा क्या थी. उन्होंने कहा कि वह समझाएंगे कि अजित दादा की सोच राजनीतिक थी या भावनात्मक.

### संजय राउत ने भी उठाए सवाल

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि रोहित पवार के अलावा एनसीपी विधायक और अजित पवार के करीबी अमोल मिटकरी, एनसीपी मंत्री छगन भुजबल और एनसीपी (एसपी) सांसद बजरंग सोनवणे ने भी इस दुखद घटना पर संदेह जताया है. उन्होंने आरोप लगाया कि संदेह दूर करने के बजाय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कह रहे हैं कि इस मुद्दे पर राजनीति न हो. संजय राउत ने कहा कि अगर अजित पवार के परिवार और दोस्त उनकी मौत पर सवाल उठा रहे हैं तो मुख्यमंत्री फडणवीस और भाजपा नेतृत्व को इससे परेशानी क्यों हो रही है.

# 16 फरवरी से शुरू होंगी मुंबई मनपा सभागार की बैठकें

## अजित पवार को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**मुंबई.** मुंबई महानगरपालिका के सभागार की कार्यवाही चार साल बाद सोमवार (16 फरवरी) से शुरू होने जा रही है. इसके साथ ही सत्ता पक्ष ने आगामी बैठकों और विभिन्न समितियों के गठन का विस्तृत कार्यक्रम तय किया है. इसी क्रम में बजट सत्र भी मार्च महीने में आयोजित किए जाने की संभावना जताई गई है. जानकारी के मुताबिक, 16 फरवरी को पहली सभा बुलाई जाएगी. इसी दिन नेता प्रतिपक्ष का चयन किया जाएगा और विभिन्न समितियों के सदस्यों का भी चुनाव किया जाएगा. 24 फरवरी को विशेष सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि दी जाएगी. शोक प्रस्ताव लाकर पूरे दिन के लिए सभागार की कार्यवाही स्थगित रखी जाएगी.

### समितियों के अध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम तय

समितियों के अध्यक्षों के चुनाव का कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है. 20 फरवरी को शिक्षा और स्थायी समिति के अध्यक्ष चुने जाएंगे. 23 फरवरी को सुधार और बेस्ट समिति के अध्यक्षों का चयन होगा, जबकि 25 फरवरी को अन्य समितियों के अध्यक्षों का चुनाव किया जाएगा. महानगर पालिका प्रशासन का प्रयास है कि 27 फरवरी, मराठी भाषा दिवस से पहले सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं. वहीं, इस वर्ष मुंबई महानगरपालिका का बजट मार्च महीने में पेश किए जाने की संभावना है.

### इस दिन होगा बीएमसी मेयर का चुनाव

बीएमसी के मेयर के लिए चुनाव 11 फरवरी को होंगे. इसी दिन नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन भी होगा.

भाजपा पार्षद रितु तावड़े ने शनिवार (7 फरवरी) को इस पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. महायुति में भाजपा के सहयोगी दल शिवसेना ने संजय घाडी को उपमहापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है.

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुंबई में अपना पहला महापौर बनाने जा रही है, जिससे इस शहर के नगर निकाय में ठाकरे परिवार का 25 साल का दबदबा खत्म हो जाएगा. तावड़े और घाडी ने मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख अमित साटम, पूर्व शिवसेना सांसद राहुल शेवाले और महायुति के अन्य नेताओं की मौजूदगी में महानगरपालिका के सचिव के कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया.

# 10वीं-12वीं के परीक्षार्थियों की मदद के लिए 'राइडर्स' तैयार

**ठाणे.** 10 वीं और 12वीं के परीक्षा को देखते हुए, ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण की गाइडेंस में खास सुविधाएं दी हैं। ट्रैफिक पुलिस उन स्टूडेंट्स की मदद के लिए तैयार है जिन्हें परीक्षा के दिन देरी, गाड़ी खराब होने, ट्रैफिक जाम वगैरह की वजह से दिक्कतें आती हैं। इसलिए सड़कों पर 54 राइडर्स तैनात किए गए हैं और ट्रैफिक कंट्रोल व्हाट्सएप नंबर और ट्रैफिक कंट्रोल हेल्पलाइन समेत 18 ट्रैफिक यूनिट्स से कॉन्टैक्ट करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।



अगर आपको परीक्षा में पहुंचने के दौरान सड़क पर कोई दिक्कत आती है, तो ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन पर कॉन्टैक्ट करना चाहिए यह अपील ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने की है। महाराष्ट्र राज्य सेकेंडरी (10वीं) और हायर सेकेंडरी (12वीं) स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परीक्षाएं क्रमशः 10 फरवरी और 20 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय के जोन 1 से 5 में कक्षा 12 के लिए कुल 126 केंद्र और कक्षा 10 के लिए कुल 223 केंद्र हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले छात्रों के लिए सड़कों पर किसी भी तरह की समस्या होने पर 54 राइडर तैयार रखे गए हैं। इसके लिए छात्रों या अभिभावकों ने ट्रैफिक विभाग के ट्रैफिक कंट्रोल हेल्पलाइन नंबर 8286300300 और 8286400400 के साथ-साथ ट्रैफिक कंट्रोल व्हाट्सएप नंबर 7039003866 और 18 ट्रैफिक यूनिट में हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम में तीन गाड़ियां भी तैनात रहेंगी। परीक्षा अवधि के दौरान सड़कों पर समस्याओं के बारे में जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक की रुकावटों को हटाकर छात्रों को सुरक्षित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करेगी। यह सुविधा सिर्फ़ परीक्षा के समय के लिए उपलब्ध है।ट्रैफिक विभाग की ओर से उपायुक्त पंकज शिरसाट ने माता-पिता और नागरिकों से परीक्षा के समय इस पहल में सहयोग करने की अपील की है।

# 4 देसी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे शहर में अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार देसी पिस्तौल और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने भिवंडी तालुका के वेहाले भाटाले इलाके में जाल बिछाया। 2 फरवरी को दोपहर करीब चार बजे मानकोली नाका से डोंबिवली बायपास जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध को रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चार देसी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

जब्त हथियारों की कुल कीमत लगभग चार लाख आठ हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहिल बेग शोराब बेग मिर्जा के रूप में हुई है। उसकी उम्र 20 वर्ष है। वह मध्य प्रदेश के भिंड जिले का निवासी है। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं था। इस मामले में नरपोली पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी पर शस्त्र अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत मामला कायम किया गया है।

# विठ्ठलवाड़ी से सातारा एसटी बस सेवा शुरू

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के विठ्ठलवाड़ी से सातारा स्थित जुगाईवाड़ी के लिए एसटी बस सेवा शुरू की गई है। शिवसेना (शिंदे) के नगरसेवक एवं संपर्क प्रमुख महेश गायकवाड ने भगवा झंडा दिखाकर बस को सातारा के लिए रवाना किया।



विठ्ठलवाड़ी बस डिपो से रोज़ाना रात 9 बजे सातारा जिले के पाटण तालुका स्थित जुगाईवाड़ी गांव के लिए एसटी बस रवाना होगी। तो वहीं विठ्ठलवाड़ी आने के लिए जुगाईवाड़ी से रोज़ सुबह 6 बजे बस छूटेगी। बतादें कि कल्याण पूर्व में कोंकण, मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक बसे हुए हैं, जो छुट्टियों और त्योहारों में अपने गांव आया-जाया करते हैं। ऐसे में सातारा जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए शिवसेना (शिंदे) के संपर्क प्रमुख महेश गायकवाड ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के पास बार-बार निवेदन कर कल्याण से जुगाईवाड़ी बस सेवा शुरू करने की मांग की थी। उस मांग को सफलता मिली है और यह महत्वपूर्ण बस सेवा शुरू होने से कल्याण से सातारा की तरफ यात्रा करने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

# दिल्ली-मुंबई 'हिंदायन साइक्लोथॉन' को महापौर ने दिखाई हरी झंडी

**ठाणे.** भारत सरकार के यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री और डिफेंस मिनिस्ट्री के साथ मिलकर 30 नवंबर को दिल्ली से शुरू हुआ हिंदायन साइक्लोथॉन आज ठाणे से मुंबई के लिए निकला। मेयर शर्मिला पिंपलोलकर और डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल ने मनपा मुख्यालय में साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई और साइकिल चलाने वालों को शुभकामनाएं दीं।

इस हिंदायन साइक्लोथॉन में साइकिल के शौकीनों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। युवाओं से लेकर सीनियर सिटिजन तक, हर उम्र के साइकिल चलाने वालों की



भागीदारी खास तौर पर खास रही। महिलाओं की भागीदारी ने भी इस पहल को और मजबूती दी। मेयर शर्मिला पिंपलोलकर और डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल ने साइकिल चलाने वालों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हर साइकिल चलाने वाले से बातचीत की और उनके अनुभव जाने। इसका मकसद भारत में साइकिलिंग को एक सस्टेनेबल, हेल्दी और एनवायरनमेंट फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट के तौर पर बढ़ावा देना है।

मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने कहा दिल्ली से शुरू हुआ यह सफ़र ठाणे से मुंबई पहुँच रहा है, जो बहुत गर्व की बात है।डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल ने 'फिट इंडिया' पहल के तहत इस साइक्लोथॉन के महत्व को बताते हुए कहा, साइकिल चलाना एक बेहतरीन एक्सरसाइज़ है और इससे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को ऐसी एक्टिविटीज़ में हिस्सा लेना चाहिए।ठाणे मनपा से शुरू हुआ साइक्लोथॉन मुंबई के कोलाबा मिलिट्री स्टेशन पर खत्म हुआ। इस मौके पर मेजर सागर सावंत ने हर साइकिल के शौकीन को आकर्षक मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विष्णुदास चापके ने इस साइक्लोथॉन को आयोजित करने के पीछे का मकसद बताया और भविष्य में ज़्यादा संख्या में हिस्सा लेने की अपील की। इस मौके पर हिंदायन फाउंडेशन के हेड विष्णुदास चापके, अमे साइक्लिस्ट प्रेमी फाउंडेशन की फाउंडर प्रेसिडेंट प्रज्ञा म्हात्रे, मेंबर अमोल कुलकर्णी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# ठाणे में 11वें संस्कृति आर्ट फेस्टिवल का उद्घाटन

**ठाणे.** ठाणे की सांस्कृतिक शान के 11वें संस्कृति आर्ट फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। फेस्टिवल की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि देकर की गई।इस अवसर पर ठाणे की महापौर शर्मिला पिंपलोलकर और उपमहापौर कृष्णा पाटिल, ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।इस साल फेस्टिवल 'कला



संगमाची विठ्ठलवारी' के कॉन्सेप्ट पर आधारित है। ढोल की थाप और मृदुंग की धुन के बीच विठु मौली की भक्ति में एक बड़ा जुलूस निकाला गया। शोभा यात्रा में दिखाए गए मर्दाना खेल दर्शकों का ध्यान खींच रहे थे। भव्य दिव्य शोभा यात्रा को ठाणे के लोगों से भारी रिस्पॉन्स मिला।उपवन तालाब की ठंडी हवा और विठुमौली के आस-पास, मशहूर क्लासिकल सिंगर पंडित आनंद भाटे की मधुर आवाज़ों ने शाम को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसा लग रहा था जैसे पंढरी यहां उतर आए हों।हमारे प्यारे दादा दिवंगत डिप्टी चीफ मिनिस्टर अजीतदादा पवार की याद में, फेस्टिवल में आर्ट हॉल का नाम उनके नाम पर रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।इसके साथ ही, मशहूर कथक डांसर मंजरी देव, मशहूर एक्ट्रेस सुधा चंद्रन, ओडिसी डांसर सुजाचा महापात्रा, भरतनाट्यम आर्टिस्ट दीपक मजूमदार परफॉर्म करेंगे।

# ठाणे मनपा का पानी बिल बकाया वसूलने का अभियान तेज़

## 15 दिनों में 9.88 करोड़ वसूले गए

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत पानी बिल बकाया के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है और पिछले 15 दिनों यानी 20 जनवरी से 5 फरवरी में प्रभाग वाइज बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 9 करोड़ 88 लाख 14 हज़ार 345 रुपये वसूले गए हैं। इस कार्रवाई में, जल आपूर्ति विभाग बकाए पर पानी सप्लाई कनेक्शन काटने, नोटिस जारी करने, पंप ज़ब्त करने और पंप रूम सील करने जैसे सख्त कदम उठा रहा है। जल आपूर्ति विभाग ने बताया कि यह अभियान मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है और जारी रहेगा। इस ऑपरेशन में दिवा में 313 पानी के कनेक्शन काटे गए, 21 पंप ज़ब्त किए गए और 34 पंप रूम सील किए गए और 324 लोगों को नोटिस दिए गए। कलवा प्रभाग समिति में 70 पानी के कनेक्शन काटे गए। लोकमान्य सावरकरनगर प्रभाग समिति में 134 पानी के कनेक्शन काटे गए और कुल 600 लोगों को नोटिस दिए गए। मुंब्रा प्रभाग समिति में 236 पानी के कनेक्शन काटे गए, 181 पंप ज़ब्त किए गए और 41 पंप सील किए गए और 3736 लोगों को नोटिस दिए गए। नौपाड़ा कोपरी प्रभाग समिति में 245 पानी के कनेक्शन काटे गए और 370 लोगों को नोटिस दिए गए। उथलसर प्रभाग समिति में 71 पानी के कनेक्शन काटे गए। वर्तकनगर प्रभाग समिति में 4 पानी के कनेक्शन काटे गए और 26 लोगों को नोटिस दिए गए। वागले प्रभाग समिति में 1 पानी का कनेक्शन काटा गया है। कुल 1074 पानी के कनेक्शन काटे गए हैं। 202 पंप सीज़ किए गए हैं, 75 पंप रूम सील किए गए हैं और कुल 5056 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

# राजनीति पर बात करने से डरते हैं बॉलीवुड सिलेब्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस और स्प्लिट्सविला होस्ट सनी लियोनी ने हाल ही में अपने जीवन के तमाम पहलुओं के बारे में बता की। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड की तुलना में साउथ सिनेमा में क्या अलग होता है। इसी के साथ सनी लियोनी ये भी बताया कि क्यों भारत में आर्टिस्ट अपनी पॉलिटिकल राय रखने से डरते हैं। सनी लियोनी ने कहा कि चीजें बहुत मुश्किल हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि आपको नहीं पता चलता कि किसको आपकी बात का बुरा लग जाए।



### आपको नहीं पता कि किसे आपकी बातों का बुरा लग जाए

बॉलीवुड बबल से खास बातचीत के दौरान सनी लियोनी से सवाल हुआ कि हॉलीवुड में एक्टर्स अपनी पॉलिटिकल राय भी सामने रखते हैं। लेकिन भारत में एक्टर्स ऐसा करने से बचते हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए सनी लियोनी ने कहा- भारत में बहुत सारे समूह हैं। चीजें मुश्किल हो जाती हैं। आपको नहीं पता कि किसे आपकी बातों का बुरा लग जाएगा।

### सिलेब्स के लिए पॉलिटिक्स पर बात न करना ही ठीक

सनी लियोनी ने आगे कहा कि आपको नहीं पता कि कौन आपका कौन सा शब्द पकड़ लेगा और उसे ट्विस्ट करके अपनी ही कोई कहानी बना ले। उन्होंने कहा कि सेलिब्रिटी के लिए यही ठीक है कि वो पॉलिटिक्स के बारे में नहीं बात करें।

सनी ने कहा कि अगर आप पॉलीटिक्स के बारे में बात करने के बाद होने वाले परिणामों को झेलने के लिए तैयार हैं तो आप बिल्कुल इस बारे में बात कर सकते हैं। सनी लियोनी ने आगे कहा कि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिसपर आप आवाज उठा सकते हैं, जैसे कि मुझे मेरे बच्चों के लिए साफ हवा चाहिए, या कैसे हम और पेड़ लगा सकते हैं। सनी ने बताया कि उनके पति डेनियल ये सब चीजें करते हैं। वो बीएमसी को ट्वीट करके हमारे इलाके की समस्याओं के बारे में बताते हैं और वो परेशानियां दूर भी की जाती हैं।

# लोकल में महिला से अश्लील हरकत

**मुंबई.** लोकल में सफर कर रही एक महिला के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है.

दादर से मुलुंड के बीच यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा महिला की तरफ अशोभनीय इशारे किए जाने का आरोप है. पीड़िता की शिकायत के आधार पर रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना मंगलवार की है. महिला दादर स्टेशन से ठाणे जाने वाली लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में चढ़ी थी. महिला कोच के साथ लगा दिव्यांग डिब्बा था. सफर के दौरान जब महिला मोबाइल देख रही थी, तभी उसकी नजर पास के दिव्यांग कोच में खड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति पर गई, जो उसकी ओर आपत्तिजनक इशारे कर रहा था. इस हरकत से महिला असहज हो गई.






## बच्चे की बिल्डिंग से गिरकर मौत

**ठाणे.** ठाणे शहर में एक 12 साल के बच्चे ने कथित तौर पर उच्च इमारत से कूदकर अपनी जान दे दी, पुलिस ने शनिवार को बताया। यह घटना 3 फरवरी को वागले एस्टेट इलाके के एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में हुई। पुलिस ने बताया कि बच्चे ने अपने 6वीं मंजिल के अपार्टमेंट की खिड़की से कूदकर यह कदम उठाया। स्थानीय लोगों ने बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि हमने अचानक मृत्यु (ADR) का केस दर्ज किया है। घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, और बच्चे के कदम का कारण अभी पता नहीं चला है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और बच्चे के मोबाइल व अन्य उपकरणों की जांच कर रही है






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099